# कुलसचिव कार्यालय

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0,–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

Ref. No. M-16169-71

Date 04/09/25

सेवा में,

1. कार्य परिषद के माननीय सदस्यगण।
2. विद्या परिषद के माननीय सदस्यगण।
3. विश्वविद्यालय सभा के माननीय सदस्यगण।

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

विषयः– दिनांक 10 सितम्बर, 2025 को आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के 68वें दीक्षान्त समारोह के आमन्त्रण, परिधान व पूर्वाभास के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि **लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 10-09-2025 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित कला संकाय प्रांगण** मे होना सुनिश्चित हुआ है। माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति महोदया, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगी। मा0 कार्य परिषद, मा0 विद्या परिषद एवं मा0 विश्वविद्यालय सभा के सम्मानित सदस्यगण शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होगें।

इस सम्बन्ध में सादर सूच्य है कि शैक्षणिक शोभायात्रा के सभी सहभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र उपलब्ध कराया जायेगा। **अंगवस्त्र का वितरण दिनांक 08 एवं 09 सितम्बर, 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित कक्ष संख्या A-160 (निकट कुलानुशासक कार्यालय)** में किया जायेगा। अंगवस्त्र को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में ही वापस किया जायेगा।

अतः कार्य परिषद, विद्या परिषद एवं विश्वविद्यालय सभा के माननीय सदस्यगणों से अनुरोध है कि दिनांक **10 सितम्बर, 2025** को दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने हेतु **पूर्वान्ह 10:00 बजे समारोह स्थल (कला संकाय प्रांगण)** पर पधारने का कष्ट करें, **साथ ही यह भी अनुरोध है कि दिनांक 08 सितम्बर, 2025 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी सम्मिलित होने का कष्ट करें।**

कृपया उक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

भवदीया,

Bmisla

(डॉ0 भावना मिश्रा)

कुलसचिव

संख्याः– M-16172-78 दिनांकः– 04/09/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो0 अवधेश कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
5. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, ल0वि0वि0।

Bmisla

कुलसचिव